फा.सं. : 4-1/हि.प्र.के.वि./संस्थापना/2010/ 8704-8719
हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय
Central University of Himachal Pradesh
(संस्थापना शाखा/Establishment Branch)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

धर्मशाला-176215 30 दिसंबर, 2021

# कार्यालय आदेश

माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन के अनुसार विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के लिए सभी प्रकार के अवकाशों को आवेदन / स्वीकृत करने की प्रक्रिया को दिनांक 01.01.2022 से ऑनलाइन किया जाता है । संबंधित कर्मीगण अवकाश आवेदन समर्थ पोर्टल (https://cuhimachal.samarth.ac.in/index.php/site/login) पर स्थित अपने Login Account के माध्यम से संबंधित नियंत्रक अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे एवं संबंधित नियंत्रक अधिकारी विश्वविद्यालय में वर्तमान में जारी प्रक्रिया / प्रावधान के अनुसार उक्त अवकाश आवेदनों को स्वीकृत करेंगे / अपनी विशिष्ट संस्तुति (recommendation) के उपरांत अवकाश स्वीकृत करने हेतु अगले सक्षम प्राधिकारी को समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही अग्रेषित करेंगे ।

2. दिनांक 01.01.2022 से विश्वविद्यालय के किसी भी विभाग / कार्यालय में कर्मियों के ऑफलाइन माध्यम से अवकाश आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे । यदि इस प्रकार का कोई भी आवेदन प्राप्त होता है तो उस पर कोई विचार नहीं किया जायेगा । अवकाश स्वीकृति के उपरांत संबंधित विभाग / कार्यालय कर्मियों के अवकाशों का लेखा पूर्व की भांति रजिस्टरों में भी संधारित करेंगे जिससे कि कार्यालय के अभिलेखों को भी अद्यतन रखा जा सके ।

3. संबंधित प्राधिकारियों द्वारा अवकाश स्वीकृत करने तथा अवकाश आवेदन करने की समयावधि पूर्व में परिचालित कार्यालय आदेश सं. 1-5/हि.प्र.के.वि./संस्थापना/2013/6183-94 दिनांक 15.09.2021 (अनुलग्नक-1 पर संलग्न) के अनुसार ही होगी ।

4. यह माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन से जारी किया गया है ।

30/12/2021

(प्रो. विशाल सूद)
कुलसचिव (अतिरिक्त प्रभार )

पृष्ठांकन : समसंख्या दिनांक : 30 दिसंबर, 2021

**निम्नलिखित को कृपया सूचनार्थ एवं आगामी कार्रवाई हेतु प्रति अग्रेषित :**

1. समन्वयक, हि.प्र.के.वि., सप्त सिंधु परिसर, देहरा, जिला कांगड़ा ।
2. समन्वयक, हि.प्र.के.वि., शाहपुर परिसर, शाहपुर, जिला कांगड़ा ।
3. समन्वयक, हि.प्र.के.वि., धौलाधार परिसर, धर्मशाला, जिला कांगड़ा ।
4. विभिन्न स्कूलों के सभी अधिष्ठाता, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय ।
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय ।
6. वित्त अधिकारी, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला ।
7. परीक्षा नियंत्रक, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला ।
8. विभिन्न विभागों के सभी विभागाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय ।
9. विभिन्न केन्द्रों के सभी निदेशक, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय ।
10. उप पुस्तकालय अध्यक्ष, हि.प्र.के.वि., शाहपुर परिसर, शाहपुर, जिला कांगड़ा ।
11. पुस्तकालय अध्यक्ष, प्रो. एस.आर. रंगनाथन पुस्तकालय, सप्त सिंधु परिसर, देहरा, जिला कांगड़ा ।
12. निदेशक, कंप्यूटर सेंटर, हि.प्र.के.वि., धौलाधार परिसर, धर्मशाला, जिला कांगड़ा ।
13. सिस्टम एनालिस्ट, हि.प्र.के.वि., धर्मशाला- कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित ।
14. जनसंपर्क अधिकारी, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, कैंप कार्यालय, धर्मशाला, जिला कांगड़ा ।
15. माननीय कुलपति, हि.प्र.के.वि. के सचिव- कृपया माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ ।
16. विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं शिक्षकेतर कर्मीगण, हि.प्र.के.वि., धर्मशाला / शाहपुर / देहरा ।

30/12/2021

कुलसचिव (अतिरिक्त प्रभार )

फा.सं. : 1-5/हि.प्र.के.वि./संस्थापना/2013/6183-94
हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय
Central University of Himachal Pradesh
(संस्थापना शाखा/Establishment Branch)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**धर्मशाला-176215** **15 सितंबर, 2021**

## कार्यालय आदेश

कार्यालय आदेश फाइल समसंख्या 7415-29 दिनांक 03.12.2019 एवं फाइल समसंख्या 4444-56 दिनांक 03.08.2020 के अधिक्रमण में विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था को सुप्रभावी बनाने हेतु माननीय कुलपति महोदय द्वारा निम्नलिखित आदेश दिये जाते हैं :-

i. विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक कर्मियों के अर्जित अवकाश / अर्द्ध वेतन अवकाश / परिवर्तित अवकाश व अन्य सभी प्रकार के अवकाश माननीय कुलपति महोदय द्वारा स्वीकृत किये जायेंगे। संबंधित नियंत्रक अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यरत शैक्षणिक कर्मियों के अवकाश आवेदन अपनी संस्तुति सहित कुलसचिव कार्यालय को आगामी कार्रवाई के लिए समय पर अग्रेषित करेंगे ।

ii. शैक्षणिक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के आकस्मिक अवकाश संबंधित विभागाध्यक्ष तथा नियंत्रक अधिकारी द्वारा स्वीकृत किये जायेंगे एवं 'समूह ग' कर्मचारियों के आकस्मिक अवकाश को संबंधित कर्मचारी के तत्काल पर्यवेक्षी अधिकारी (immediate supervisory officer) द्वारा स्वीकृत किया जाएगा ।

iii. विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों / केन्द्रों / कार्यालयों में तैनात शिक्षकेतर कर्मियों के अर्जित अवकाश / अर्द्ध वेतन अवकाश/ परिवर्तित अवकाश व अन्य सभी प्रकार के अवकाश कुलसचिव द्वारा स्वीकृत किये जायेंगे। संबंधित नियंत्रक अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यरत शिक्षकेतर कर्मियों के अवकाश आवेदन अपनी संस्तुति सहित कुलसचिव कार्यालय को आगामी कार्रवाई के लिए समय पर अग्रेषित करेंगे ।

iv. विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के बाह्य रोजगार तथा रिफ्रेशर कोर्स / ओरिएण्टेशन कार्यक्रमों में भाग लेने से संबंधित आवेदनों हेतु आवेदन फॉर्मों को माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन के उपरांत कुलसचिव कार्यालय द्वारा अग्रेषित किया जायेगा । संबंधित नियंत्रक अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यरत कर्मियों के उक्त आवेदनों को अपनी संस्तुति सहित कुलसचिव कार्यालय को आगामी कार्रवाई के लिए समय पर अग्रेषित करेंगे ।

v. संबंधित नियंत्रक अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ कार्यरत शैक्षणिक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के अवकाश आवेदनों को कम से कम 15 से पहले (अपरिहार्य स्थिति के अतिरिक्त) कुलसचिव कार्यालय को अग्रेषित करना होगा जिससे कि संबंधित आवेदनों पर सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति समय पर प्राप्त की जा सके ।

vi. नियंत्रक अधिकारीयों की बिना किसी विशिष्ट संस्तुतियों के माननीय कुलपति / कुलसचिव कार्यालय के साथ किये गये पत्राचार / संप्रेषण को बिना किसी संज्ञान / सूचना के अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

3. यह माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन से जारी किया जाता है ।

15/09/2021

**(प्रो. विशाल सूद)**
कुलसचिव (अतिरिक्त प्रभार )

**पृष्ठांकन : समसंख्या** **दिनांक : 15 सितंबर, 2021**

**निम्नलिखित को कृपया सूचनार्थ एवं आगामी कार्रवाई हेतु प्रति अग्रेषित :**

1. समन्वयक, हि.प्र.के.वि., सप्त सिंधु परिसर, देहरा, जिला कांगड़ा ।
2. समन्वयक, हि.प्र.के.वि., शाहपुर परिसर, शाहपुर, जिला कांगड़ा ।

3. विभिन्न स्कूलों के सभी अधिष्ठाता, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय ।
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय ।
5. वित्त अधिकारी, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला ।
6. परीक्षा नियंत्रक, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला ।
7. विभिन्न विभागों के सभी विभागाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय ।
8. विभिन्न केन्द्रों के सभी निदेशक, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय ।
9. उप पुस्तकालय अध्यक्ष, हि.प्र.के.वि., शाहपुर परिसर, शाहपुर, जिला कांगड़ा ।
10. पुस्तकालय अध्यक्ष, प्रो. एस.आर. रंगनाथन पुस्तकालय, सप्त सिंधु परिसर, देहरा, जिला कांगड़ा ।
11. निदेशक, कंप्यूटर सेंटर, हि.प्र.के.वि., धौलाधार परिसर, धर्मशाला, जिला कांगड़ा ।
12. सिस्टम एनालिस्ट, हि.प्र.के.वि., धर्मशाला- कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित ।
13. जनसंपर्क अधिकारी, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, कैंप कार्यालय, धर्मशाला, जिला कांगड़ा ।
14. विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं शिक्षकेतर कर्मीगण, हि.प्र.के.वि., धर्मशाला / शाहपुर / देहरा ।

15/09/2021

**कुलसचिव (अतिरिक्त प्रभार )**